हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

14 175 माताओं ने लिया संस्कृति संरक्षण का संकल्प

12 बारात, शोभायात्रा, धार्मिक आयोजनों ...


**खबर संक्षेप**

## राजेन्द्र शर्मा बने रायपुर शहर जिला भाजपा प्रभारी



**बेमेतरा।** जिला भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र शर्मा प्रदेश संगठन ने रायपुर शहर जिला भाजपा संगठन का प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपा गया है। इस महत्वपूर्ण दायित्व की घोषणा पर बेमेतरा के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल देखने को मिला। राजेन्द्र शर्मा के बेमेतरा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर शर्मा ने संगठन द्वारा प्रदान किए गए विश्वास के लिए भाजपा के प्रदेश संगठन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जो भी उत्तरदायित्व उन्हें मिला है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, समर्पण और संगठन की मर्यादा के साथ निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद और संगठन विस्तार को प्राथमिकता देते हुए वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे स्वागत में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की जिला और ब्लाक इकाइयों भंग : तिवारी



**बेमेतरा।** युवा कांग्रेस में संगठनात्मक पुनर्संरचना की प्रक्रिया तेज हो गई है। हाल ही में बेमेतरा जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बनाए गए प्रांजल तिवारी ने प्रदेश युवक कांग्रेस प्रभारी अमित पठानीया,प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा,एवं युवक कांग्रेस प्रभारी महामंत्री गुलजेब अहमद की सहमति से गुरुवार को एक महत्त्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए जिला व ब्लॉक स्तर की पूरी युवा कांग्रेस इकाई को भंग कर दिया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्वाचित विधानसभा अध्यक्षों को छोड़कर सभी पदाधिकारी तत्काल प्रभाव से पदमुक्त माने जाएंगे। नव–नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी ने अपने बयान में यह भी कहा कि जिले में युवा कांग्रेस को अधिक सक्रिय, मजबूत और धरातलीय बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। संगठन में नई ऊर्जा व योग्यता आधारित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पुनर्गठन आवश्यक था। उन्होंने संकेत दिए कि आने वाले दिनों में नए सशक्त ढांचे की घोषणा की जाएगी। जिलाध्यक्ष प्रांजल तिवारी द्वारा जारी किए गए इस आदेश के बाद राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज हो गई है कि युवा कांग्रेस बेमेतरा जल्द ही नए नेतृत्व व नई कार्यशैली के साथ नजर आएगी।

# प्रशिक्षण में जनजागरूकता व कुष्ठ दर में कमी लाने पर दिया गया जोर

### सघन कुष्ठ खोज अभियान के लिए आयोजित हुआ जिला स्तरीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम तहत सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाने जिला स्तरीय प्रशिक्षण सीएमएचओ कार्यालय स्थित हाल में आयोजित किया गया । जहां जिले भर के बीएमओ,बीपीएम, स्वास्थ्य केंद्र संस्थान प्रभारी की मौजूदगी में कार्ययोजना तैयार कर जिले भर सघन कुष्ठ खोज अभियान चलेगा जिसके लिए स्वास्थ्य महकमे को इस दरमियान प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान बताया गया कि अभियान तहत जमीनी स्तर पर खोज कार्य करना साथ ही जिले में कुष्ठ रोग की वर्तमान स्थिति, प्रसार दर एवं जनजागरूकता गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने-छींकने से निकलने वाले ड्रॉपलेट के माध्यम से फैलता है। यह रोग शरीर में धीमी गति से बढ़ता है, जिसके लक्षण दिखने में 3 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक लग सकते हैं। इसलिए प्रारंभिक पहचान और समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. बी एल राज ने बताया कि वर्ष 2030 तक कुष्ठ रोग उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में बेमेतरा जिले में कुष्ठ प्रसार दर पीआर 1.08 है, जिसे घटाकर 1 से भी कम करना लक्ष्य है। इसके लिए गांव-गांव में जागरूकता, स्क्रीनिंग एवं उपचार शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण में भविष्य की कार्ययोजना, जनजागरूकता अभियान एवं फील्ड टीमों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा भी की गई।

### धान खरीदी : वायरल ऑडियो में मैनेजर ने स्वीकारा अतिरिक्त तौल

# 40.6 किलो का मानक टूटा, जिले में अतिरिक्त धान भरने की शिकायत, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था, मनमानी और तौल गड़बड़ी का मामला अब गंभीर रूप ले चुका है। किसानों द्वारा 40.600 किलो प्रति बोरा के निर्धारित मानक नियम के उल्लंघन, तौल मशीनों की संदिग्ध सेटिंग और 1 किलो तक अतिरिक्त भराई के आरोप पहले ही चर्चा में थे। अब इसी बीच कुसमी–खैरझिटी धान खरीदी केंद्र से जुड़ा एक कथित ऑडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि हरिभूमि इस ऑडियो की स्वतंत्र पुष्टि नहीं करता है। वायरल ऑडियो में एक समिति प्रबंधक कथित रूप से यह स्वीकार करता सुनाई देता है कि किसानों से मानक से अधिक धान भरवाया जा रहा है। बातचीत में वह यह तर्क देता दिखाई देता है कि यदि किसान उच्च गुणवत्ता वाला धान लाएं तो तौल 40.600 किलो के मानक पर होगी, लेकिन यदि धान हल्का, टूटान वाला या नमी युक्त है तो बोरे में अतिरिक्त धान भरवाना पड़ता है। किसानों का कहना है कि यह तर्क पूरी तरह गलत है।

- **कर्मचारी बोला- धान खराब हो तो बोरा ज्यादा भरवाते हैं**



### इलेक्ट्रॉनिक कांटों की सेटिंग पर बढ़ा संदेह, तकनीकी जांच की मांग तेज

किसानों ने खुलकर आरोप लगाया है कि कई केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनें गलत कैलिब्रेशन पर चल रही हैं। वजन पहले डालने और बाद में अचानक बदल जाने जैसी घटनाएँ किसानों को संदेह में डाल रही हैं। किसान संगठनों ने तकनीकी विशेषज्ञों से मशीनों की जांच कराए जाने की मांग उठाई है।

क्वालिटी चाहे जैसी भी हो, तौल मानक से अधिक कराने का अधिकार किसी कर्मचारी को नहीं है। यह साफ तौर पर नियमों का उल्लंघन है। इस कथित ऑडियो ने किसानों के उन आरोपों को मजबूती दी है कि तौल मशीनों को 'सेट' कर वजन बदलने का काम हो रहा है। कई किसान बता रहे हैं कि घर से 40.600 किलो वजन के बोरे लेकर आने पर भी फड़ पर वजन कम निकलता है। प्रशासन को खरीदी केंद्र के इन इलेक्टनिक्स तौल मशीन ओर नियम विपरीत अधिक धान लेने की जांच गोपनीय रूप से करनी चाहिए ताकि गड़बड़ी पकड़ा सके ओर किसानों की मेहनत की उपज में डंडी ना मरे।

### चुनिंदा किसानों का धान ऑफलाइन खरीद रहे

तौल विवाद के बीच किसानों पर टोकन व्यवस्था का दबाव अलग से बढ़ गया है। प्रति दिवस धान खरीदी की सीमित लिमिट तय कर दिए जाने से ऑनलाइन टोकन कुछ ही मिनटों में खत्म हो जाते हैं। इसका सीधा फायदा कुछ खरीदी केंद्रों के कर्मचारियों को मिलता है। किसानों का आरोप है कि खरीदी केंद्रों को मिले 30 प्रतिशत तक ऑफलाइन धान खरीदने के अधिकार का इस्तेमाल मनमाने ढंग से हो रहा है। कर्मचारी कथित रूप से सेटिंग कर चुनिंदा किसानों का धान ऑफलाइन खरीद रहे हैं, जबकि आम किसान कई दिनों तक टोकन न मिलने के कारण परेशान हो रहे हैं। एक किसान ने कहा की ऑनलाइन टोकन तो मिलते ही नहीं और ऑफलाइन का फायदा कर्मचारी उठा रहे हैं। यह खुला शोषण है। लगातार तौल गड़बड़ी, अतिरिक्त भराई, इलेक्ट्रॉनिक कांटों की सेटिंग और टोकन में मनमानी ने किसानों का भरोसा हिला दिया है। उनका कहना है कि यदि यही स्थिति रही तो उनका सीजन भर का मेहनताना डूब जाएगा।

# ठंड का असर तेज, तापमान गिरा गर्म कपड़ों की दुकानों में बढ़ी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

इन दिनों मौसम में आए तेजी से बदलाव और तापमान में गिरावट के चलते ठंड का असर बना हुआ है । जिसके चलते लोगों के बीच गर्म कपड़ों की मांग बढ़ी है। गर्म कपड़ों की दुकानों में रौनक आ गई है, लोग गर्म कपड़ों की खरीदारी करने जुटे हुए हैं। नवंबर माह के आखिरी सप्ताह में मौसम में तेजी के साथ बदलाव आया। बढ़ी ठंड से ठिठुरन होने लगी है। तापमान में तेजी के साथ हो रही गिरावट के चलते अब बच्चों से लेकर बड़े तक गर्म कपड़ों का उपयोग करना शुरू कर दिए हैं। मौसम की तब्दीली ने गर्म कपड़ों की दुकानों में रौनक ला दी है। सुबह से देर शाम तक गर्म कपड़ों की दुकानों में लोग स्वेटर, मफलर, जैकेट ,हैंड ग्लोब सहित टोपी इत्यादि की खरीदी कर रहे हैं। गर्म कपड़ों के व्यवसायियि ने बताएं की दिवाली के बाद से ही बाजार में बेहतर ग्राहकी शुरू हो गई थी ,लेकिन हाल ही में मौसम में आए बदलाव के बाद से गर्म कपड़ों की बिक्री में तेजी आई है।

### सुबह कोहरे का आलम

इधर शाम होते ही शहर सहित ग्रामीण इलाकों में लोगों की चहल-पहल कम होने लगी है। ग्रामीण क्षेत्र में भी लोग धान कटाई मिंजाइ इत्यादि का कार्य शाम होने से पूर्व समेटने लगे हैं। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में ठंड और भी बढ़ेगी । सुबह के समय कोहरा छाया होने से अलसुबह वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है ।ग्रामीण इलाकों में तो लोग अंगीठी जलाकर ठंड से राहत पाते देखे जाने लगे हैं।

# नवागढ़ धान खरीदी केंद्रों पर कांग्रेस नेता विजय का औचक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति मर्यादित प्रतापपुर, तिलईपार, रनबोड़ एवं झाल स्थित धान खरीदी केंद्रों में सोमवार को कांग्रेस नेता विजय बघेल, पूर्व डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम, ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बघेल सीधे तौर पर समितियों के अधिकारियों व कर्मचारियों से मुखातिब हुए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हमारे किसान भाइयों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। राज्य शासन द्वारा निर्धारित माप–दंड के अनुसार ही वजन हो किसी किसान को नमी या सफाई के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और न ही किसी प्रकार की जबरन उगाही की जाए।



### किसानों की स्थिति पर दिखाई चिंता

बघेल ने धान के मौजूदा खरीदी व्यवस्था की तुलना पूर्व शासन से करते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ में किसान का बेटा भूपेश बघेल मुख्यमंत्री थे, तब किसानों की एक–एक बीजा धान की खरीदी सुनिश्चित होती थी। खरीदी केंद्रों में छाया, पानी सहित सभी सुविधाएँ सुचारू रहती थीं और भुगतान 24 से 48 घंटे के भीतर सीधे किसान के खाते में पहुंच जाता था। उन्होंने वर्तमान परिस्थितियों पर असंतोष जताते हुए कहा कि आज की कुशासन वाली सरकार में किसान टोकन के लिए तरस रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है और किसानों की दुश्वारियों को बढ़ाने वाली है।

# छात्रों को दिलाई गई बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने गुरुवार जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया।

टीम ने बेमेतरा शहर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा सरस्वती शिशु मंदिर, लेंजवारा पहुंचकर छात्रों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि कम उम्र में विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी नुकसानदायक है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को बाल विवाह उन्मूलन हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा विधिक सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। बच्चों को 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, स्पॉन्सरशिप योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और बच्चों की सुरक्षा व सहायता से जुड़ी विभिन्न सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर इन सेवाओं का लाभ उठा सकें। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य एवं व्याख्याता, चाइल्ड हेल्पलाइन से आशीष जायसवाल,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के धरमु बारले एवं सुश्री स्वाति कुंजाम (अधिकार मित्र) का विशेष योगदान रहा।



### झाल ग्राम में एनएसएस के स्वयंसेवकों की नशामुक्ति रैली से अलख जगाई

# नशा व्यक्ति को नहीं पूरे परिवार को तोड़ता है : मधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम पंचायत झाल बुधवार को युवाओं के जोश, चेतना और संकल्प से एक नए रंग में रंगा नजर आया। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों द्वारा निकाली गई नशा मुक्ति जन-जागरूकता रैली ने गांव की गलियों को ऊर्जा और उम्मीद से भर दिया। युवाओं की बुलंद आवाज़ लगातार गूंजती रही नशा छोड़ो से नाता जीवन जोड़ो!

नशा मुक्त हो हमारा गांव! एवं युवा जागेगा- गांव बदलेगा! इन नारों ने पूरे गांव में जागरूकता की मजबूत लहर पैदा कर दी। मधु रॉय का दमदार संदेश मेरी राजनीति की असली शुरुआत नशे के खिलाफ लड़ाई से रैली व नुक्कड़ नाटक में जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय विशेष रूप से शामिल हुईं। युवाओं के बीच पहुंचकर उन्होंने प्रेरणादायक और प्रभावशाली शब्दों में कहा कि मैं जहां भी राजनीति में खड़ी हूं उसकी पहली प्राथमिकता नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई है। जो समाज अपने युवाओं को बचा लेता है, वही विकास की असली राह पकड़ पाता है। उनके संबोधन ने स्वयंसेवकों और ग्रामीणों के भीतर उत्साह की नई चिंगारी जगा दी। मधु रॉय ने आगे कहा कि नशा व्यक्ति को नहीं पूरे परिवार को तोड़ता है, समाज को अंदर तक खोखला कर देता है।इसे रोकना सिर्फ प्रशासन नहीं, हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उनको सुनते ही युवाओं में जोश और अधिक बढ़ गया और रैली का माहौल और भी प्रभावशाली हो उठा।





### नुक्कड़ नाटक ने छोड़ी गहरी छाप

बाजार चौक में एनएसएस छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने नशे के दुष्परिणामों को संवेदनशीलता और तीखे संदेश के साथ पेश किया नशा कैसे युवा पीढ़ी को भ्रमित कर बर्बादी की ओर धकेलता है, कैसे परिवार टूटते हैं, कैसे समाज की प्रगति रुक जाती है। कई ग्रामीण भावुक हो उठे और नाटक के अंत में तालियों से पूरा चौक गूंज उठा। **गांव को नशा मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प:** कार्यक्रम में सरपंच खेमकली साहू, कार्यक्रम प्रभारी प्रो. निर्मल कुमार, कपिल साहू, भागवत साहू, तिलक साहू, बोधराम साहू, आसदेव विश्वकर्मा, रामचंद्र साहू, शंकर साहू, कलम बघेल, आत्मा साहू, नरेंद्र साहू, छत्तू साहू, कुमार साहू, लतेल चौहान, प्रो. थानवार साहू, प्रो. रोहित यदु, अविनाश नेताम, सतीश साहू, मणिशंकर, जितेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने युवाओं की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान गांव को नशा मुक्त बनाने की दिशा में महत्त्वपूर्ण और प्रेरणादायक कदम है।

### अवैध हथियार के साथ वृद्ध को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रूप से हथियार बेचने वाले को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। घटना थाना पुलगांव क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग स्थित शिवनाथ नदी के पास गुरुद्वारा क्षेत्र से वृद्ध को छह लोहे की तलवारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना लाइसेंस के धारदार हथियार बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर अमृतसर पंजाब निवासी निर्मल सिंह 60 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 6लोहे का तलवार जब्त किया गया। तलवारों को लेकर आरोपी के पास से से वैध लाइसेंस या दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला। आरोपी से पूछताछ करने पर तलवारों की अवैध बिक्री करना स्वीकार किया। पुलगांव पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध कायम कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

## कोटनी में क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से

दुर्ग। ग्राम कोटनी में 14 दिसंबर से क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिसमें दुर्ग जिला से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के खिलाड़ी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। क्रिकेट 14 दिसंबर से शुरू होगी जो प्रत्येक रविवार को खेली जायेगी एवं हर मैच 6 ओवर की होगी। मैच टेनिस बॉल में खेली जाएगी। वहीं 32 टीम भाग ले सकते है आयोजन समिति ने खिलाड़ियों को इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने कहा गया है। यह जानकारी क्रिकेट क्लब समिति के सदस्य बीरेंद्र कुमार निषाद द्वारा दी गईं।

## दिल्ली सरस मेला में भारती ने लगाया मिलेट्स फ़ूड स्टॉल

दुर्ग। राजधानी दिल्ली में आयोजित दिल्ली सरस मेला में छत्तीसगढ़ के मिलेट्स आधारित उत्पादों ने लोगों का दिल जीत लिया। दुर्ग जिले के सत्यम महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य भारती ने यहां फ़ूड स्टॉल लगाकर कोदो, कुटकी और रागी से बने विविध व्यंजनों की प्रदर्शनी व बिक्री की। भारती द्वारा तैयार किए गए मिलेट्स लड्डू, चीला, बिस्कुट, नमकीन और हेल्दी स्नैक्स को दिल्लीवासियों ने खूब पसंद किया। भारती ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मिलेटस उत्पादों को बढ़ावा देने से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के अवसर मिले हैं। भारती ने कहा कि दिल्ली सरस मेला में हिस्सा लेना उनके लिए बहुत बड़ा अवसर है।

## आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने शिव चंद्राकर

दुर्ग। वरिष्ठ भाजपा नेता शिव



चंद्राकर को छत्तीसगढ़ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही दुर्ग भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई और जिला कार्यालय में उन्हें बधाई दी। शिव चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है और वे संगठन को और मजबूत करने की दिशा में पूरी जिम्मेदारी से काम करेंगे। उनका कहना है कि आर्थिक प्रकोष्ठ सभी जिलों में बेहतर समन्वय के साथ संगठनात्मक काम जारी रखेगा।

# बारात, शोभायात्रा, धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक कन्फेटी उड़ाना बैन

**फैलने वाले कचरे को देखते हुए महापौर अल्का बाघमार ने दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

शहर को और अधिक स्वच्छ और प्रदूषण रहित बनाने की दिशा में दुर्ग निगम ने सख्त निर्णय लिया है। बारात सहित अन्य सामाजिक और धार्मिक आयोजनों में प्लास्टिक के कन्फेटी पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब इसके झालकों को हवा में उड़ाया नहीं जा सकेगा। महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग को कड़े निर्देश जारी करते हुए शहर सीमा क्षेत्र में प्लास्टिक कन्फेटी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

निगम प्रशासन जल्द ही इस प्रस्ताव को एमआईसी में प्रस्तुत करेगा। इसके लागू होते ही बारातों, शोभायात्राओं, धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में प्लास्टिक कन्फेटी उड़ाना पूरी तरह प्रतिबंधित होगा।

**शहर की स्वच्छता रैंकिंग पर असर, इसलिए निर्णयः** स्वच्छता सर्वेक्षण में स्वच्छ वातावरण और प्लास्टिक नियंत्रण महत्वपूर्ण मानक हैं। कन्फेटी का उपयोग इन दोनों मानकों को प्रभावित करता है। महापौर और आयुक्त ने स्पष्ट कहा है कि शहर को साफ-सुथरा रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्लास्टिक कन्फेटी शहर की सुंदरता और सफाई को नुकसान पहुँचाती है, इसलिए इसे बंद करना आवश्यक है। कन्फेटी रंग-बिरंगी चमकीली प्लास्टिक की छोटी-छोटी कटिंग्स होती हैं, जिन्हें समारोहों में विशेष प्रभाव के लिए उड़ाया जाता है। इन्हें उड़ाने के लिए उपयोग होते हैं। हैंडहेल्ड कन्फेटी शूटर, मेटल, प्लास्टिक कन्फेटी मशीन, गैस प्रेशर शूटर, ब्लोअर फैन, यह कन्फेटी देखने में आकर्षक लगती है, लेकिन बाद में साफ-सफाई की दृष्टि से यह अत्यंत कठिन और हानिकारक साबित होती है।




**प्लास्टिक कन्फेटी इसलिए किया जा रहा प्रतिबंधित, जानिए :** निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए अध्ययन और मैदान निरीक्षणों में पाया गया कि कन्फेटी सिंगल यूज प्लास्टिक से बनती है। अधिकांश कन्फेटी प्लास्टिक की चमकीली कटिंग्स होती हैं, जो बेहद छोटे-छोटे कणों में बिखरकर पूरे क्षेत्र में फैल जाती है। हवा के संपर्क में दूर-दूर बह जाती है। एक बार कन्फेटी सड़क पर गिरने के बाद, हवा चलने पर ये कई मीटर या कई किलोमीटर दूर तक जा सकती है, जिससे सफाई कर्मचारियों को इन्हें इकट्ठा करने में भारी दिक्कत होती है। ये सूक्ष्म प्लास्टिक कण नालियों में फँसकर जल-जमाव की स्थिति भी पैदा करते हैं।

नियम तोड़ने वालों पर भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाएगा और कन्फेटी उड़ाने वाली मशीन, ब्लोअर या उपकरण जब्त किए जा सकेंगे। निगम प्रशासन ने कन्फेटी प्रतिबंध पर जुर्माना और जब्ती से जुड़े प्रावधानों का मसौदा तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया है। अगले एक महीने में सभी नियम और राशि तय कर दी जाएगी। नियम लागू करने से पहले लोगों को इसकी जानकारी दी जाएगी, ताकि बारात आयोजक, बैंड पार्टी, इवेंट कंपनियाँ और आम नागरिक इस नीति को समझकर सहयोग कर सकें। कन्फेटी उड़ाने या बेचने पर 5 हज़ार से लेकर 20 हज़ार तक भारी जुर्माना, उपकरणों की जब्ती भी की जाएगी, दोबारा उल्लंघन पर बड़े दंड तय किए जाएंगे। निगम ने शहर में कार्यक्रम आयोजित करने वाली बैंड पार्टियों, डीजे समूहों और इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों को पहले ही आगाह किया है।

**जनता का सवाल : निजामी चौक जाने वाली सड़क आधे में रुकी, फरीद नगर के लोग हलाकान**

# फरीद नगर में सड़कें बदहाल, नाली के अंदर से गुजारी गई हैं पाइपलाइन

**नाली के भीतर से गुजरी पेयजल पाइप, बदबूदार पानी से लोग परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

**वार्ड परिक्रमा**

वार्ड 11 फरीद नगर में सड़कें जर्जर हालत में हैं। नालियों पर कब्जा है और पानी निकासी ठप पड़ी है। लोग लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं।

हरिभूमि की टीम वार्ड भ्रमण पर पहुंची तो पता चला कि ज्यादातर गलियों की सड़कें उखड़ चुकी हैं। एक निजी स्कूल के पास लगभग 60 फीट सड़क का निर्माण शुरू हुआ था, लेकिन काम आधे में ही रोक दिया गया। यह सड़क आगे निजामी चौक तक जाती है। नूरी मस्जिद और आत्मानंद स्कूल के पीछे की सड़कें भी बदहाल हैं। छोटे बच्चे इन्हीं ऊबड़ खाबड़ रास्तों से स्कूल आते जाते हैं। कई बार साइकिल चलाने वाले बच्चे अनियंत्रित होकर नाली में गिर जाते हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से सड़क और नाली की समस्या उठाई, लेकिन स्थितियों में कोई बदलाव नहीं आया। अब यहां के निवासियों को उम्मीद है कि जिम्मेदार अधिकारी जल्द कार्रवाई करेंगे। वार्ड पार्षद के मुताबिक समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### खेल मैदान कचरे में बदला, बच्चों के पास खेलने की जगह खत्म

फरीद नगर के बच्चों और युवाओं के लिए कभी लाल मैदान ही खेल का सबसे बड़ा सहारा था। यहां क्रिकेट, फुटबॉल और दूसरे खेलों की रौनक रहती थी। बाहर के इलाके से भी लोग खेलने आते थे क्योंकि मैदान खुला और बड़ा था। अब हालात बदल चुके हैं। आज इस मैदान में खेलने लायक जगह नहीं बची। चारों तरफ कचरे के ढेर और बिल्डिंग मटेरियल फैला है। मैदान का बड़ा हिस्सा कचरा डंपिंग जोन जैसा दिखता है। बच्चे बताते हैं कि जहां पहले विकेट लगाकर मैच खेले जाते थे, वहां अब मलबा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते दिनों बाहरी क्षेत्र से आए कुछ लोग यहां तंबू लगाकर परिवार सहित रहने लगे। कई दिनों से इस मैदान में डेरा बना हुआ है। आसपास रहने वाले लोग इसे लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। खेल मैदान में अब सिर्फ पुराने झूलों के अवशेष बचे हैं। मैदान की बदहाली की वजह से क्षेत्र के बच्चे खेलने के लिए दूसरी जगहों का सहारा लेने मजबूर हैं। निवासियों की मांग है कि मैदान को जल्द साफ कराया जाए और इसे फिर से खेल के उपयोग के लायक बनाया जाए।







### नालियों पर कब्जा, सफाई नहीं, सड़क भी टूटी-फूटी

नालियों पर कब्जा और गलत तरीके से बना



ड्रेनेज लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल बना रही हैं। स्थानीय निवासी निशार अहमद ने बताया कि नालियों पर कब्जे की वजह से सफाई नहीं हो पा रही। कई जगह पानी रुका रहता है और बदबू फैलती रहती है। इससे लोग काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि उनके घर के पास नाली का निर्माण तो हुआ, लेकिन काम ठीक से नहीं किया गया। नाली का ढलान गलत है और पानी आगे नहीं बह पाता। इस वजह से नाली अक्सर गंदे पानी से भरी रहती है और आसपास का माहौल खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों से बात की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह सड़क सीधे निजामी चौक तक जाती है और लोगों की आवाजाही यहां अधिक है। टूटी सड़कों की वजह से कई लोग हादसों का शिकार हो चुके हैं।

### बढ़ रहा संक्रामक बीमारियों का खतरा

फरीद नगर वार्ड 11 में पेयजल की समस्या भी है। कुछ जगहों पर पानी की पाइप लाइन नाली के अंदर से गुजर रही है। इससे दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है और बीमारी का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके घर के पास स्टील पाइप लाइन लगाने की जगह प्लास्टिक की पाइप डाल दी गई। यह पाइप नाली के गंदे पानी के बीच से गुजरते हुए सीधे घरों में सप्लाई दे रही है। इसी वजह से नल से आने वाला पानी बदबूदार और गंदा होता है। लोग इसे पीने तो दूर, इस्तेमाल तक नहीं कर पा रहे। इस स्थिति में बीमारियों का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### डामरीकरण व पेवर ब्लॉक के लिए 73 लाख मंजूर

वार्ड के पार्षद महेश वर्मा ने बताया कि सड़कों के डामरीकरण के लिए 73 लाख रुपए और प्लेवर ब्लाक के लिए 80 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। नालियों के ऊपर 9 पुलिया बनाने का काम चल रहा है। मेरे वार्ड में किसी भी नाली के ऊपर निर्माण नहीं है, अगर किसी ने किया है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। जर्जर सड़कों का जल्द संधारण किया जाएगा। पार्षद निधि से सार्वजनिक स्थलों पर टेबल और बेंच लगाया जा रहा है। लाल मैदान को साफ कराने को लेकर मैं वार्डवासियों के साथ धरने पर बैठा था। निगम अधिकारियों ने इस मैदान फैले कचरों का ढेर और भवन निर्माण मटेरियल को साफ करवाने का आश्वासन दिया है। नाली के अंदर से अगर पाइप लाइन गया है तो उसकी जांच की जाएगी।

## धान खरीदी की धीमी रफ्तार के विरोध में नगपुरा व बोरी में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ अफसरों की मॉनिटरिंग नहीं करने का लगाया आरोप

धान खरीदी की धीमी गति से परेशान किसानों ने आज छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के आह्वान पर दमोदा नगपुरा और बोरी के धान खरीदी केन्द्रों में एक साथ प्रदर्शन किया। धान खरीदी का कार्य आंशिक रूप से प्रभावित हुआ। वर्तमान में शासन ने खरीदी को 8 सौ क्विंटल प्रतिदिन तक सीमित रखा गया है। इसी निर्धारित लिमिट के अनुसार ही किसानों को टोकन जारी किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन ने प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट को बढ़ाकर 3 हजार क्विंटल करने और रबी फसलों के लिए नगद ऋण, खाद और बीज तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। 4 दिसंबर को ननकट्ठी चौक, नवागांव धान खरीदी केंद्र सहित अन्य स्थानों पर किसान प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह ग्राम कोलिहापुरी में डॉ0 रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सेवा, समाज के उत्थान के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पण की भावना रखते हुए सामाजिक समरसता विश्वबंधुत्व, राष्ट्रीय एकता का संदेश देती है।

# भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ होता है तनाव प्रबंधन में उपयोगी सिद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ साइंस कॉलेज में गीता जयंती का आयोजन

शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में संस्कृत एवं योग विभाग द्वारा गीता जयंती समारोह मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सामूहिक गीता श्लोक पाठ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा एवं देवी शारदा के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा एवं अन्य अतिथियों का तिलक चंदन से विद्यार्थियों द्वारा स्वागत



किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ एसएन झा ने विद्यार्थियों को गीता के महत्व पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवद्गीता जीवन का महान मार्गदर्शक ग्रंथ है, जिसका अध्ययन मानव जीवन में सकारात्मकता विकसित करता है तथा ,है।

इसके बाद सभी ने श्रीमद् भागवत गीता के बारहवें अध्याय का सामूहिक सस्वर श्लोक पाठ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों के साथ संस्कृत एवं योग विभाग के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन में योग शिक्षिका डॉ नीरा सिंह का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ सतीश कुमार सेन, डॉ गोविन्द गुप्ता, डॉ, रजनीश उमर, डॉ रश्मि गौर, डॉ राजेश्वरी जोशी तथा राखी भारती मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान तथा सह संयोजक क्रीड़ाधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप थे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रो. जनेन्द्र कुमार दीवान ने किया।

## महापौर अलका बाघमार ने किया वाल्व बदलने के कार्य का निरीक्षण

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा मालवीय नगर कॉम्प्लेक्स के पास 600 एमएम वाल्व बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसी कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने महापौर अलका बाघमार, प्रभारी लीना दिनेश देवांगन, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, उपअभियंता विनोद मांझी और सहायक जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौके पर पहुंचे।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों से वाल्व बदलने की प्रक्रिया कार्य का जल्द और जल आपूर्ति पर इसके प्रभाव की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य में किसी भी प्रकार की देरी न हो और नागरिकों को पानी की परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि जल विभाग की टीम को पूरी तत्परता से कार्य करना चाहिए, ताकि क्षेत्रवासियों को नियमित और सुचारू जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि जहां भी जलापूर्ति से संबंधित समस्या आती है, वहाँ निगम तुरंत कार्रवाई करेगा। अधिकारियों ने महापौर को बताया कि 600 एमएम वाल्व मरम्मत कार्य किया जा रहा है और बहुत जल्द इसे पूरा कर लिया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद मालवीय नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति और अधिक सुचारू होगी।

# कॉलेज में पशुओं के विचरण एवं सुरक्षा के लिए निगरानी टीम का किया गठन

दुर्ग। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सुओ-मोटो रिट पिटीशन सिविल के अंतर्गत दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश में प्राध्यापकों एवं छात्राओं के लिए परिचर्चा का आयोजन किया गया। प्राचार्य ने महाविद्यालय में पशुओं के प्रवेश पर रोक लगाने और छात्रा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने छात्राओं को सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए पशुओं के आसपास सावधानी बरतने, काटने के बाद प्राथमिक उपचार प्रदान करने की जानकारी दी। डॉ. तोषिना तैलंग ने छात्राओं को अपरिचित पशुओं से दूरी बनाए रखने और उकसाने और छेड़ने



से बचने के बारे में बताया। डॉ. अनामिका वस्त्रकार ने प्राथमिक उपचार समझाए, सुश्री तबस्सुम अली ने छात्राओं को तुरंत रिपोर्टिंग के प्रोटोकॉल के बारे में बताया। इस अवसर पर एक टीम का भी गठन किया गया जो कि निरीक्षण कर महाविद्यालय प्रांगण में किसी भी तरह के पशु के प्रवेश एवं व्यवहार पर निरंतर निगरानी कर रिपोर्ट प्रदान करेगी, जिससे किसी भी दुर्घटना और अप्रिय स्थिति को रोका जा सके और सुरक्षा मानकों का पालन हो सके। डॉ. रंजना श्रीवास्तव द्वारा इसके लिए एक टीम का गठन किया। जो 24 घंटे व 7 दिन कार्य करेगी, जिसमें डॉ. मोहम्मद शोएब को नोडल अधिकारी, दीपक ठाकुर, अरविन्द लोखण्डे, चन्द्रहास बेदरे, ओम ध्रुव, युसुफ खान, विनोद, को सदस्य बनाया गया है।

**शासन-प्रशासन से शिकायत के बाद भी निराकरण नहीं**

# दो साल से जारी नहीं किया क्लीयरेंस, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

■ कोई ठोस कार्रवाई नहीं, आक्रोश

नगर निगम, नगर पंचायत एवं नगर पालिका क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों का अंतिम भुगतान इन दिनों खनिज विभाग की सुस्ती के कारण अटक गया है। कार्यों में प्रयुक्त गौण खनिज की मात्रा के सत्यापन के लिए आवश्यक रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र जारी न होने से अनेक छोटे ठेकेदार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

विगत दो वर्षों से जिला खनिज शाखा द्वारा इन प्रमाणपत्रों के निर्गमन में लगातार विलंब किया जा रहा है, जिसके चलते विकास कार्यों का भुगतान प्रक्रिया रुक गई है। नगर पालिका निगम भिलाई के ठेकेदार संघ ने इस संबंध में कई बार लिखित रूप से आवेदन प्रस्तुत किए हैं। संघ द्वारा 16 दिसंबर 2024, 5 मार्च 2025, 4 अप्रैल 2025 तथा 26 मई 2025 को रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए निवेदन किया गया था। बावजूद इसके, विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।

### अब तक की गई शिकायतों का असर नहीं

8 सितंबर 2025 को उपसंचालक खनिज शाखा दुर्ग द्वारा ठेकेदार संघ को जवाब दिया गया। पत्र में उल्लेख किया गया कि कुल 54 प्रकरणों का परीक्षण कर 25 अगस्त 2025 को नस्ती कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर दी गई है, तथा नस्ती प्राप्त होते ही 2-3 दिवस के भीतर प्रमाणपत्र जारी कर दिए जाएंगे। परंतु उक्त जवाब को तीन माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक एक भी रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है। इस स्थिति ने ठेकेदारों में गंभीर असंतोष उत्पन्न कर दिया है। उनका कहना है कि भुगतान न मिलने से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, बैंक किश्तें और दैनिक खर्चों पर भारी संकट उत्पन्न हो गया है। ठेकेदारों का दावा है कि कई बार कलेक्टर और उपसंचालक, दोनों से निवेदन करने के बावजूद आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।

### महीनों से भुगतान की प्रक्रिया बाधित, कार्य एजेंसियां हो रहीं परेशान

विभाग की इस देरी को लेकर कार्य एजेंसियों ने कहा कि क्या नस्ती कलेक्टर कार्यालय में लंबित है। अथवा खनिज विभाग स्तर पर ही फाइल रोकी गई है। ठेकेदारों का कहना है कि विभागीय उदासीनता के कारण भुगतान प्रक्रिया महीनों से बाधित है और विकास कार्यों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि लंबित सभी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जाए। रॉयल्टी चुकता प्रमाणपत्र शीघ्र जारी किए जाएं। देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

## महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन पर विविध आयोजन

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या महाविद्यालय की विशाखा समिति एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विविध आयोजन किए गए। जिसमें उक्त विषय पर एक चर्चा में प्राचार्य ने कहा कि दुनिया भर में लगभग 3 में से एक महिला को अपने जीवन में मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में महिलाओं के विरूद्ध सभी प्रकार की हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में यह दिवस घोषित किया गया है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. आरके पुरोहित ने उक्त विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध हिंसा का अर्थ केवल शारीरिक चोट नहीं है, बल्कि इसमें यौन, मानसिक और वित्तीय शोषण सहित कई प्रकार के कानूनी कार्य सम्मिलित हैं।

## 5 डिसमिल से कम कृषि जमीन की रजिस्ट्री पर रोक बाद बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी से फूटा आक्रोश

■ आम आदमी पार्टी ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी

दुर्ग। जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी को लेकर आम आदमी पार्टी ने भी विरोध शुरू कर दिया है। संगठन ने उग्र आंदोलन की तैयारी की है। आप कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहले 5 डिसमिल (लगभग 2200 वर्गफीट) से कम कृषि भूमि की रजिस्ट्री रोक के बाद अब साय सरकार का एक और जनविरोधी फरमान लाया गया। अब बाजार मूल्य बढ़ा दिया गया है। रजिस्ट्री शुल्क में पहले ही बढ़ोत्तरी की जा चुकी है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि साय सरकार द्वारा प्रदेश मे जमीनों के रजिस्ट्री और गाइडलाइन दरों मे बेतहाशा वृद्धि की गई है। इसका आप विरोध करती है। फैसला जन विरोधी है। संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा कहा कि फैसला वापस लिया जाए, अन्यथा कार्यकर्त्ता एवं प्रदेश की जनता सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराएगी। प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह भाटिया ने कहा अभी विरोध के साथ बढ़ी गाइडलाइन की दरों की वापसी की मांग को लेकर सरकार को जिलवार ज्ञापन देकर वित्त मंत्री ओपी चौधरी का पुतला दहन किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष गीतेश्वरी बघेल ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जो नई जमीन गाइडलाइन दरें घोषित की हैं। उसे सिर्फ बड़े जमीन के कारोबारियों के फायदे के लिए बनाया गया है। जमीन गाइडलाइन दर मे बेतहाशा बढ़ोतरी सरकार तानाशाही पूर्ण फैसला है। जिलाध्यक्ष रवि साहू ने कहा सरकार अब खुले तौर पर प्रदेश की जनता के साथ व्यापार करने में जुट गई है जबकि एक चुनी हुई सरकार जनता के हित मे योजना बनाती है। भिलाई प्रतिनिधि जसप्रीत सिंह समेत प्रदेश भर के आप कार्यकर्ताओं ने इसे आम जनता के सपनों पर हमला बताते हुए, सरकार से तत्काल इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है।

## सार समाचार

### लोगों को बेघर करना उचित नहीं : ओस्तवाल



**राजनांदगांव।** पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने महापौर, कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त से मांग करते कहा कि चंद बिल्डरों को लाभ पहुंचाने गंज चौक से कन्हारपुरी के लोगों को बेघर करना उचित नहीं। श्री ओस्तवाल ने कहा कि जिस तरह से भाजपा सरकार बनने के बाद से आम गरीब जनता पर कानून का खौफ दिखाकर हजारों गरीबों के मकानों को ध्वस्त कर जो चंद बिल्डरों की बड़ी कालोनी को विकसित करने के जिस उद्देश्य से गंज चौक से लेकर कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण की जो योजना लाई गई है, उसका खुलासा शहर की आम जनता के सामने होना चाहिए।

### निर्माण कार्य के लिए लाखों की स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुगलानी में पानी टेंकर 5000 लीटर कार्य हेतु 2 लाख 50 हजार रुपए एवं ग्राम बागरेकसा में बाजार चौक रंगमंच में टीन शेड निर्माण कार्य हेतु 1 लाख 50 हजार रुपए कुल 4 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### दिग्विजय कॉलेज और आईबी ग्रुप के मध्य एमओयू

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव एवं आईबी ग्रुप के मध्य विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं



अकादमिक क्षेत्र में सहयोग को लेकर दोनों संस्थान के मध्य समझौता (एमओयू ) किया गया। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिता महिश्वर एवं आईबी ग्रुप के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अंजुम अल्वी द्वारा एमओयू समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर इस प्रक्रिया को पूरा किया गया। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि दोनों संस्थानों के मध्य इस समझौते से महाविद्यालय के छात्रों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे व नई शिक्षा नीति के तहत छात्र-छात्राएं इर्न्टनशिप का लाभ उठा पाएंगे। आईबी ग्रुप के अधिकारी महा. में छात्रों के मध्य अपने औद्योगिक अनुभव को भी साझा कर पाएंगे। महाविद्यालय शैक्षणिक संस्थान है, इसलिए समस्त शैक्षणिक तथा औद्योगिक संस्थान में इर्न्टनशिप को ध्यान में रखते यह समझौता दोनों ही संस्थान के लिए बहुत लाभदायक होगा। दोनों ही संस्थान अपने अलग-अलग संरचना के कारण पृथक होते हुए भी एमओयू द्वारा एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करेंगे।

### जल स्वच्छता व फसल संगोष्ठी का आयोजन

**राजनांदगांव।** जिला अंतर्गत जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में भू-जल स्तर में निरंतर आ रही कमी एवं ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या के पूर्वानुमान



एवं जिले के सेमी कीटिकल जोन पानी के गंभीरता के स्तर को ध्यान में रखते मिशन जला रक्षा अंतर्गत 01 दिसंबर को ग्राम पंचायत सलोनी में जल स्वच्छता एवं फसल संगोष्ठी एवं नीर और नारी जल यात्रा का आयोजन किया गया। पद्मश्री श्रीमती फुलबासन यादव, नोडल अधिकारी अनिल सोनवानी जनपद पंचायत डोंगरगढ़, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सरपंच ग्राम पंचायत सलोनी, रोजगार सहायक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजन, किसान, महिला स्व सहायता समूह की दीदिया शामिल हुई। कार्यक्रम में फसल चक्र परिर्वतन कर जनभागीदारी के साथ जल संरक्षण, नूजल रिचार्ज, कृषि एवं आजीविका संवर्धन संबंधित गतिविधियों को बढ़वा दिए जाने संबधित चर्चा हुई। साथ ही ग्राम पंचायत सलोनी में रबी फसल में धान के बदले अन्य कम पानी वाले फसल लिए जाने संबंधित प्रस्ताव ग्रामसभा की बैठक में पारित किया गया।

### कांग्रेस प्रवक्ता चरणजीत का धरा रह गया बड़बोलापन

**राजनांदगांव।** भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने



कांग्रेस के अध्यक्ष चयन के मामले में भूमि पुत्रों कार्यकर्ताओं के बजाय नेता पुत्रों का चयन किए जाने पर फब्तियां कसते कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता चरणजीत का बड़बोलापन धरा का धरा रह गया। कांग्रेस ने एक बार फिर से अपने परिवारवाद के पोषक होने का ठप्पा बरकरार रखा है। कांग्रेस ने शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के मामले में हाथी के खाने के दांत और दिखाने के दांत के कहानी-किस्से को चरितार्थ किया है।

### 5781 किसानों द्वारा 481.87 हेक्टेयर रकबा समर्पण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिसके अंतर्गत राज्य में सर्वाधिक



रकबा समर्पण कार्य राजनांदगांव जिले में किया गया है। जिले में कुल 131437 कृषकों द्वारा कुल 149402.17 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन कराया गया है। जिले में अब तक कुल 23374 किसानों द्वारा 119360 मीट्रिक टन धान का विक्रय किया गया है। जिसमें से 5781 किसानों द्वारा 481.87 हेक्टेयर रकबा समर्पण किया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है। कलेक्टर ने जिले के अन्य धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को रकबा समर्पण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत रकबा समर्पण में उत्कृष्ट कार्य के लिए समिति प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्र कुहीकला के समिति प्रबंधक हरनारायण रामटेके, धान उपार्जन केन्द्र जोशीलमती के समिति प्रबंधक गणपतराम सिन्हा एवं धान उपार्जन केन्द्र गहिराभेडी के समिति प्रबंधक बसंत कुमार साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### जिला पेंशनर्स एसोसिएशन ने एसपी से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** जिला पेंशनर्स एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक से



मुलाकात की। पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर जीआर देवांगन, महासचिव केपी सिंह, संगठन सचिव एनएल देवांगन एवं तहसील अध्यक्ष बीटी वाल्दे के साथ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा से भेंट किया।

## शिकायत पर दर्जनभर मवेशी पकड़ पहुंचाया रेवाडीह कांजी हाउस

# निगम की टीम ने पकड़े 14 मवेशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मवेशी धरपकड़ अभियान के तहत नगर निगम की टीम ने दो दिन में 14 मवेशियों को पकड़ा। वहीं निदान 1100 में प्राप्त शिकायत पर दर्जनभर मवेशी पकड़कर रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया।



नगर निगम की घुमंतू मवेशियों को पकड़ने गठित टीम चौक-चौराहों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई के तहत गत दिवस कल गंज चौक, बसंतपुर जिला अस्पताल, क्लब चौक, कमला कॉलेज चौक, आरके नगर से घुमंतू एवं बैठे 8 मवेशी तथा आज सहदेव नगर, गौरव पथ, महेश नगर, गंज मंडी के सामने, महामाया चौक से 6 घुमंतू बैठे मवेशियों को पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखा गया है। इसी प्रकार निदान 1100 में आमजनों द्वारा किए गए शिकायत के आधार पर शहर के विभिन्न स्थानों से 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह काजी हाउस में रखा गया है, जहां से उन्हें छोड़ने पर 570-570 रुपए संबंधित से अर्थदंड लेकर मवेशी छोडा जाएगा।

आयुक्त विश्वकर्मा ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिकों से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांधकर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घूमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्रवाई करते अर्थदंड अधिरोपित किया जाएगा।

#### कांजी हाऊस पहुंचाया

मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना से बचाने नगर निगम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही निदान 1100 में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकड़ा जाता है। अभियान के तहत आज व कल चौक-चौराहों में 14 घुमंतू एवं बैठे मवेशी पकड़कर कन्हारपुरी कांजी हाउस पहुंचाया गया। इसके अलावा आमजनों द्वारा निदान 1100 में शिकायत करने पर 12 मवेशी पकड़ रेवाडीह कांजी हाउस पहुंचाया गया।

#### दी जा रही समझाईश

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने नगर निगम में टीम गठित किए। गठित टीम द्वारा मवेशी धरपकड़ अभियान चलाकर मवेशी मालिकों को मवेशी बांधकर रखने समझाईस दी जा रही है। समझाईस उपरांत भी कुछ मवेशी मालिक अभी भी मवेशी खुला छोड़ देते है, उन पर अब अर्थदंड अधिरोपित कर मवेशी छोडने की कार्रवाई की जाती है।

### मेढ़ा धान खरीदी प्रभारी कार्य से पृथक

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा के धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को धान उपार्जन कार्य में अनियमितता पाए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं नायब तहसीलदार द्वारा धान उपार्जन केन्द्र मेढ़ा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा द्वारा ग्राम पिपरिया के कृषक लिखन कंवर को धोखे में रखकर उनके कृषक धान पंजीयन के विरूद्ध अवैध धान विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा था। जिसके कारण ग्राम राका के फुटकर व्यापारी लालजी सिन्हा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई है। साथ ही प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करते धान खरीदी प्रभारी कुलदीप विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से पृथक कर दिया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बाइक में सवार होकर जा रहे तीन लोगों को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हालमकोडो निवासी ओमकार नेताम एवं निकलेश हरामे अपनी बाइक से 3 दिसंबर की शाम 6 बजे अंबागढ़ चौकी आए हुए थे। अंबागढ़ चौकी से बाइक में तीन लोग सवार होकर वापस हालमकोडो जा रहे थे। वे रात लगभग साढ़े 10 बजे के आसपास ग्राम हाथीकन्हार के पास ढाबा व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बीच अंबागढ़ चौकी से चिल्हाटी जाने वाली रोड में अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाकर बाइक सवारों को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार तीनों को चोंट आया। घायलों को डायल-112 से सीएचसी अंबागढ़ चौकी ले जाया गया, जहां ओमकार नेताम व निकलेश हरामे को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बाइक सवार एक अन्य घायल है, जिसे उपचार हेतु राजनांदगांव रिफर किया गया है। दुर्घटना में बाइक क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ठंड से बचने 6 स्थानों पर अलाव

- महापौर ने ठंड से बचने सावधानी बरतने नागरिकों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम द्वारा शीत ऋतु में नगर के निर्धनों एवं श्रमिकजनों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अलाव की सुविधा मुहैया कराई जाती है। इसी कड़ी में ठंड के प्रारंभ से पुराना बस स्टैंड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेलवे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। अब अत्याधिक ठंड पड़ने पर 3 अतिरिक्त स्थानों में अलाव की व्यवस्था की गई है।

अलाव जलाने के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि अत्याधिक ठंड को ध्यान में रखते राजनांदगांव में निर्धनों व श्रमिकों को शीतलहर से बचाने नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष शीत ऋतु में ठंड बढ़ने पर पुराना बस स्टैंड, पोस्ट आफिस चौक एवं रेलवे स्टेशन के पास अलाव जलाया जा रहा है। वर्तमान में अत्याधिक ठंड पड़ने पर महापौर मधुसूदन यादव के निर्देशानुसार अलाव की संख्या में वृद्धि कर 3 अतिरिक्त स्थान पेंड्री मेडिकल कॉलेज, सिविल लाइन तथा चिखली में भी अलावा जलाया जा रहा है। आवश्यकतानुसार अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी नागरिकों के लिए अलाव की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने ठंड को ध्यान में रखते शहर के प्रमुख स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव को देर रात्रि तक जलाए रखने के निर्देश प्रभारी को दिए हैं। अत्याधिक ठंड पड़ने पर महापौर मधुसूदन यादव ने नागरिकों से अपील करते कहा कि ठंड बढ़ती जा रही है, इसलिए रात्रि में अनावश्यक घर से बाहर न निकले, किसी कारणवश बाहर निकलने पर गरम कपड़ा पहने, मफलर एवं टोपी लगाएं। सर्दी, खासी, बुखार होने तथा ठंडी से अन्य किसी प्रकार की तबीयत खराब होने की स्थिति में डॉक्टरी परीक्षण कराएं। उन्होंने फ्लाई ओवर के नीचे अस्थाई रहवासियों से भी कहा कि ठंड से बचने वे निगम के रैनबसेरा में जाकर रहे।

## जिला जीवनदीप समिति में सांसद ने किया हरीश को प्रतिनिधि नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला राजनांदगांव में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित गतिविधियों और जीवनदीप समिति की बैठकों में सांसद की ओर से अब एक नया प्रतिनिधि जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके लिए सांसद ने औपचारिक रूप से नामांकन जारी किया है।

जिला राजनांदगांव अंतर्गत जिला स्तरीय जीवनदीप समिति की सभी बैठकों तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त कार्यों में भागीदारी के लिए सांसद ने अपने प्रतिनिधि के रूप में हरीश शर्मा को अधिकृत किया है। जारी पत्र में सांसद ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में जीवनदीप समिति की सभी बैठकें, विभागीय कार्यवाहियां तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में हरीश शर्मा उनकी ओर से उपस्थित रहेंगे और आवश्यक सुझाव एवं सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

सांसद ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि आगामी सभी बैठकों की सूचना सांसद कार्यालय के साथ-साथ हरीश शर्मा को अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए, ताकि प्रतिनिधि समय पर बैठकों में भाग ले सकें। हाईनलेवल स्वास्थ्य नीति और जिला स्तरीय निर्णयों में यह प्रतिनिधित्व जिले के स्वास्थ्य प्रबंधन को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एसआईआर पुनरीक्षण फार्म भरने लखोली में सहायता शिविर आयोजित



**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम तहत शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र वार्ड नंबर 32 के अंतर्गत आने वाले मोहल्ले राहुल नगर, विकास नगर, राजीव नगर एवं जनता कालोनी में जगह-जगह चौपाल लगाकर बीएलओ द्वारा वितरित गणना पत्रक फार्म को भरने मदद की जा रही है।

पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर ने बताया कि इस संबंध में महापौर मधुसूदन यादव एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा लगातार बैठक लेकर प्रगति की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने संबंधित बूथों के बीएलओ एवं प्रभारियों को कहा कि मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं की सूची तैयार करें। गणना पत्रक फार्म वितरण पश्चात वापसी की संख्या कम है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसका विशेष ध्यान रखकर कार्य करें। ज्ञात हो कि पार्षद गिरिजा संतोष निर्मलकर द्वारा मतदाताओं के सुविधा के लिए वार्ड के प्रमुख चौक-चौराहे पर फार्म भरने हेतु लगातार सहायता शिविर लगाया जा रहा है। जिससे लोगों का अच्छा लाभ मिल रहा है। शिविर में अन्य वार्ड के मतदाता भी अपने फार्म भरवाने एवं 2003 की सूची प्राप्त करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। बता दें कि इस एसआईआर पुनरीक्षण फार्म भरने हेतु लगाए जा रहे सहायता शिविर में मतदाताओं को ज्यादा इंतजार करना नहीं पड़ रहा है और जल्द काम पूरा हो जा रहा है ।

## शहर के बीच राजगामी की जमीन पर अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के ऐतिहासिक रानीसागर के समीप गौरवपथ स्थित मेजर ध्यानचंद चौक पर अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। जिसको लेकर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री द्वारा मामले की शिकायत करते हुए अवैध उत्खनन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने बताया कि स्थानीय नागरिकों की सूचना पर आज सुबह जब वह मौके पर पहुंचे तो यहां लगभग 500 से अधिक ट्रिप मिट्टी अवैध रूप से निकाला जाना प्रतीत हुआ। उन्होंने बताया कि इसके बाद मामले की शिकायत राजगामी सीईओ एवं एडिशनल कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा से करते हुए अवैध उत्खनन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की है। लंबे समय से जिले में खनिज विभाग प्रभारी खनिज अधिकारी चल रहा है। जिसके चलते अवैध उत्खनन जिलेभर में जोरों पर है। वहीं खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के अभाव में अब खनन माफिया शहर के बीच भी सक्रिय होकर अवैध खनन करने में लगे हुए है। खनिज माफियाओं के खिलाफ कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्रा, संदीप सोनी, राहुल साहू, उमाशंकर सारथी, दिनेश मेश्राम, अशोक सोनकर, उमेश मेश्राम, गौकरण यादव, सुनील यादव, प्रेमु निषाद, गोलू राव मोहिते, संतोष सारथी, हना राव, अरूण वासनिक सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### स्लाटर हाउस के विरोध में चलाया जा रहा हस्ताक्षर अभियान

**भिलाई।** राधिका नगर वार्ड 7 स्थित स्लाटर हाउस पर विरोध जताते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। राधिका नगर स्थित स्लाटर हाउस के संचालन को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। मदन सेन के नेतृत्व में इसे बंद कराने हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि स्लाटर हाउस से जुड़ी पर्यावरण प्रक्रिया, स्वास्थ्य मानक और नगर निगम अधिनियम जैसी जरूरी शर्तों का पालन नहीं किया गया। स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की खुली जन सुनवाई कराने की मांग की है। मदन सेन का कहना है कि बिना प्रक्रिया पूरी किए स्लाटर हाउस को संचालन की अनुमति नहीं देना चाहिए। उन्होंने शिकायत पत्र मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पर्यावरण मंत्री, कलेक्टर, सीएमएचओ और कई अन्य विभागों को भेजा गया है।

### अवैध हथियार के साथ वृद्ध को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** अवैध रूप से हथियार बेचने वाले को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। घटना थाना पुलगांव क्षेत्र का है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग स्थित शिवनाथ नदी के पास गुरुद्वारा क्षेत्र से वृद्ध को छह लोहे की तलवारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी बिना लाइसेंस के धारदार हथियार बेच रहा था। मुखबिर की सूचना पर अमृतसर पंजाब निवासी निर्मल सिंह 60 वर्ष को पकड़ा गया। आरोपी के पास से पुलिस ने 6लोहे का तलवार जब्त किया गया। तलवारों को लेकर आरोपी के पास से से वैध लाइसेंस या दस्तावेज पुलिस को नहीं मिला। आरोपी से पूछताछ करने पर तलवारों की अवैध बिक्री करना स्वीकार किया। पुलगांव पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत अपराध कायम कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध हथियार से जुड़े लोगों की गतिविधियों के बारे में सूचना दें।

### आयुक्त ने विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत चल रहे महत्वपूर्ण विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत के साथ स्मृति नगर में निर्माणाधीन राधाकृष्ण उद्यान का निरीक्षण किया। उन्होंने इस रिक्त भूमि पर बन रहे उद्यान के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि समीपस्थ क्षेत्र के निवासियों को जल्द ही इसका लाभ मिल सके। जी.ई. रोड स्थित तारामंडल बाल उद्यान में शासन के निर्देशानुसार बन रहे अटल परिसर का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को अविलंब पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, पार्किंग स्थल पर पेविंग कार्य करवाने हेतु भी निर्देशित किया गया है। आयुक्त द्वारा कोसा नाला गौठान के समीप प्रस्तावित स्विमिंग पूल एवं हॉर्स राइडिंग स्थल का निरीक्षण किया गया।

## आयोजन : सरस्वती शिशु मंदिर मारो में सजी मातृशक्ति की अद्भुत संगम

# 175 माताओं ने लिया संस्कृति संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में, सरस्वती शिक्षा संस्थान छग रायपुर एवं सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के मार्गदर्शन में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर मारो में मंगलवार को सप्तशक्ति संगम (मातृशक्ति सम्मेलन) का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में 175 माताओं की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की। मुख्य अतिथि सुनीता बघेल (सरपंच चक्रवाय), अध्यक्ष सुधा तिवारी (पार्षद मारो) तथा विशिष्ट अतिथि रश्मि साहू और नीलिमा सिंह क्षत्रिय ने मां सरस्वती, ऊं एवं भारत माता की पूजन-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। अतिथियों का शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना शिव्या साहू ने प्रस्तुत की। विद्यालय की छात्राओं कृतिका, लव्या, पायल, दिव्या, अदिति एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत समूहगीत ने वातावरण को उत्साह से भर दिया।

**महिलाओं की आत्मनिर्भरता राष्ट्र निर्माण की ऊर्जा : रेणुका साहू:** द्वितीय मुख्य वक्ता रेणुका साहू (क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख, मध्य क्षेत्र) ने महिलाओं की भूमिका, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर सारगर्भित विचार रखे। अनिता यादव को संयुक्त परिवार सम्मान (कुल 22 सदस्य), शीतला चौबे को समाज-चिकित्सा व गौसेवा में योगदान हेतु सम्मान एवं निर्मला साहू को देशसेवा में समर्पित सैनिक पुत्र की माता के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति परिवार को सुदृढ़ बनाती है और ऐसे आयोजनों से महिला सशक्तिकरण का संदेश समाज में व्यापक होता है।

अध्यक्ष सुधा तिवारी ने माताओं से कर्तव्यपथ पर दृढ़ रहने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि सुनीता बघेल ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को संस्कारवान और कर्तव्यनिष्ठ बनाएं तथा विरांगनाओं के जीवन से प्रेरणा दें। आभार प्रदर्शन श्वेता ठाकुर ने किया। इसके पश्चात सभी माताओं ने दाहिना हाथ आगे कर भारतीय संस्कृति, कुल परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य पालन व सप्तशक्ति जागरण का संकल्प लिया। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका श्वेता ठाकुर, सहयोगी सुषमा राजपूत, त्रिवेणी वर्मा, शिब्या साहू, शीला वर्मा, विद्यालक्ष्मी डहरिया, अरुण पाटिल, लखेश्वरी सेन तथा आचार्य गण योगेश शर्मा, दिनेश रजक, सुभाष मानिकपुरी, विनीत मिश्रा, भिरेन्द्र राजपूत एवं समिति सदस्यों के सहयोग से आयोजन सफल रहा।



**संयुक्त परिवार भारतीय संस्कृति का प्रहरी : खुलेश्वरी**

प्रथम मुख्य वक्ता खुलेश्वरी देवांगन (विभाग सहसंयोजिका बिलासपुर) ने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखते हुए संयुक्त परिवार को भारतीय संस्कृति की रीढ़ बताया। उन्होंने माताओं से पेड़ संरक्षण कर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में प्रेरक प्रश्नों के उत्तर देने वाली 15 माताओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय की बच्चियों ने रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई, दुर्गावती इतिहास की वीर माताओं की झांकी प्रस्तुत कर सभी को भाव-विह्वल कर दिया।

# जिले में गीता जयंती पखवाड़े का आगाज राम जानकी मंदिर परिसर शंखनाद से गूंजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

महंत सुरेन्द्र दास के सान्निध्य में गुरुवार राम जानकी मंदिर परिसर में गीता जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में भव्य शंखनाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। इस पुण्य आयोजन का संचालन धर्म स्तंभ काउंसिल के मार्गदर्शन एवं डॉ. सौरव निर्वाणी के प्रेरक आह्वान पर किया गया। धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा गीता जयंती पखवाड़ा 3 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक प्रदेशभर के सभी राम–जानकी, राधा–कृष्ण एवं सनातन मंदिरों में समान रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन संध्याकाल सामूहिक शंखनाद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।इस प्रदेशस्तरीय पखवाड़े में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्वर्णपत्र, रजतपत्र एवं ताम्रपत्र से सम्मानित किया जाएगा, जो धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

### वैदिक परंपरा और वैज्ञानिक आधार

डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि गौ, गीता और गंगा ये तीनों सनातन धर्म की आत्मा हैं।"उन्होंने शंखध्वनि के वैज्ञानिक लाभ बताते हुए कहा कि शंखनाद से वातावरण पवित्र होता है, वायु में सकारात्मक स्पंदन उत्पन्न होते हैं और शरीर में ऊर्जा, फेफड़ों की क्षमता तथा मानसिक एकाग्रता बढ़ती है। आज की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में,प्रथम स्थान देवेंद्र वैष्णव द्वितीय स्थान वाशु शरणदास, तृतीय स्थान ओम शरण दास को प्राप्त हुआ। मंदिर समिति द्वारा विजेताओं को सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय साधु–संतों, बालकों तथा भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंदिर परिसर शंखध्वनि से गूंज उठा और वातावरण भक्तिरस से ओत-प्रोत हो गया।

# नवागढ़ विकासखंड के बीआरसी जगजीवन राम बने कुंरा के प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंरा विकासखंड नवागढ़ में प्राचार्य के पद पर जगजीवन राम साहू ने कार्यभार ग्रहण किया गया। श्री साहू प्रधान पाठक भोपसरा (मूल संस्था) के साथ-साथ बीआरसी नवागढ़ के पद पर कार्य कर रहे हैं।

कुंरा स्कूल में प्राचार्य के पद में कार्य ग्रहण करने पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं केबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल, जिला पंचायत सदस्य अंजू बघेल, जनपद अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, जनपद सदस्य माया हीरा बारले सरपंच सतीश मिश्रा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य गण के साथ-साथ संकुल समन्वयक कुंरा जितेंद्र चौहान एवं संकुल के सभी शिक्षक गण ने बधाई शुभकामनाएं दिए।

इस अवसर पर संकुल केंद्र कुंरा के शिक्षकगण संकुल समन्वयक जितेंद्र कुमार चौहान, दयाशंकर बघेल, ढेलूराम खरे, प्रदीप बंजारे चंद्रशेखर कौशिक, रोहित देवांगन, वीरेंद्र राठौर, धन्नु जायसवाल,रामकुमार घृतलहरे, संजय बंजारे, अर्चना, सुनील कुमार अनंत, सुरेश, भुनेश्वर सेन, धनीराम साहू, खिलावन शर्मा खुशबू साहू , कमलेश कुमार साहू, ठाकुराम वर्मा उपस्थित रहे।



# धनेश ने निजी खर्च पर आंगनबाड़ी बच्चों को बांटे ट्रैक सूट, स्कूल संवारने में भी जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्रधान पाठक की सराहनीय पहल

प्रधान पाठक धनेश रजक जन समुदाय के सहयोग से स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी विकासखंड साजा को सजाने संवारने मे लगे है वहीं दुसरी ओर गांव की आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों को स्वयं के खर्च से ट्रेक सुट बांटकर एक समाज सेवक होने का परिचय दिया है ,यह सहयोग जो अन्य लोगो को भी विद्यामंदिर के नन्हे बच्चों को सहयोग के लिए प्रेरित करता है। आंगन बाड़ी कार्यकर्ता किरण निर्मलकर ने धनेश रजक की सराहनीय कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नेक विचार के प्रधान पाठक जो अपने स्कूल के साथ साथ हमारे आंगन बाड़ी के बच्चों के लिए भी अच्छी सोच रखते हैं।

उन्हें आंगनबाड़ी के बच्चों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करती हुं, जीवन में यह पहले अवसर है कि बच्चों ट्रेक सुट वस्त्र बांटकर उत्साहवर्धन किया गया। प्रधान पाठक धनेश रजक ने इस अवसर पर बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा मुझे अच्छा लग रहा है कि इन नन्हें बच्चों को छोटा सा ट्रेकसुट के रूप मे उपहार भेंट किया हुं, बच्चे भगवान का रूप होता है। बहुत दिन से सोच रहा था, हमारे स्कूल को समुदाय से कुछ न कुछ मिल ही जाता है,तो मै भी क्यों न इन आंगनबाड़ी के नन्हे बच्चों को कुछ दुं जिससे वे खुश हो जाये, इन लोग का कोई ड्रेस कोड तो लागु नहीं है बच्चे इस ट्रेक सुट को पहनकर खुशी-खुशी आंगनबाड़ी आयेंगे। सरपंच गिरधारी निर्मलकर ने इस नेक कार्य के लिए प्रधान पाठक धनेश को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किरण निर्मलकर, सहायिका पुष्पा निर्मलकर, सरपंच गिरधारी निर्मलकर, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम,शिक्षक तारकेश्वर निर्मल कर, प्रदीप निर्मल कर, सचिव पंचराम निषाद, ग्राम कोटवार परेटन मानिकपुरी उपस्थित रहे।




# बीएसपी रिटेंशन हाउसिंग विवाद में राहत दिलाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- भाजपा नेत्री स्वीटी कौशिक ने कलेक्टर से की मुलाकात

भिलाई इस्पात संयंत्र की रिटेंशन स्कीम के तहत रहने वाले सेवा निवृत्त कर्मचारियों पर नए दर लागू किए जाने के खिलाफ स्वीटी कौशिक सामने आई हैं। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के सैकड़ों परिवारों को बेघर करना गलत है। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर लोगों को राहत दिलाने की मांग की है। स्वीटी कौशिक ने कई मुद्दे उठाए। उनका कहना है कि 450 वर्ग फीट से बड़े मकानों को भी लाइसेंस दिया जाए, क्योंकि कर्मचारी वर्षों से 32 गुना किराया लगातार जमा कर रहे हैं और कोई बकाया नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि 2008 में हाउस लीज़ का छठा चरण मंजूर हुआ था, जिस उम्मीद पर कर्मचारी आज भी टिके हैं। उन्होंने दुर्गापुर और राउरकेला स्टील प्लांट में बड़े क्षेत्र वाले मकानों को लाइसेंस देने के फैसलों का उदाहरण भी दिया। साथ ही सेक्टर 9 अस्पताल में निजीकरण खत्म कर पेंशनर्स को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था देने की मांग की। कौशिक का कहना है कि आवास न मिलने से परिवार सड़क पर आने की नौबत में है और हालात तनावपूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर फैसला न लेने पर जिम्मेदारी संयंत्र प्रबंधन की होगी।



# महिला पर जंगली सुअर ने किया हमला हालत गंभीर, से.-1 में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- घटना सेक्टर 1 सड़क 10 की है
- महिला के घर लौटते समय किया हमला

मंगलवार की शाम अचानक जंगली सुअर ने एक महिला पर हमला कर दिया। घटना में महिला बुरी तरह जक्मी हो गई। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-1, सड़क नंबर 10 होते हुए राजकुमारी देवांगन नामक महिला अपने घर लौट रहे थी। तभी झाड़ियों से अचानक एक जंगली सुअर निकला और महिला पर जोरदार हमला कर दिया। महिला की आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों के बाहर निकले। शोर मचाकर सुअर को लोगों ने भगाया। घायल राजकुमारी देवांगन को सुपेला के अस्पताल पहुंचाया गया। महिला को शरीर पर गंभीर चोटे आई है उसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर अस्पताल रेफर कर दिया है। कई दिनों से सेक्टर-1 क्षेत्र में जंगली सुअरों की आवाजाही देखी जा रही है। वन विभाग द्वारा इसे लेकर ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। महिला राजकुमारी देवांगन का उपचार फिलहाल जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक महिला की स्थिति स्थिर बनी हुई है। दुर्ग के डीएफओ दीपेश कपिल ने बताया कि सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



**जंगली सुअर के आने से लोग है परेशान**

महिला के ऊपर जंगली सुअर के हमले के कारण सेक्टर 1 क्षेत्र में दशहत का माहौल व्याप्त है। लोगों का आरोप है कि वन विभाग के लापरवाही के कारण ही इस तरह की घटना होती है। विभाग समय पर कार्रवाई करता तो हमला के ऊपर हमला नहीं कर पाता। जंगल से शहर की ओर इस तरह के जानवरों का पहुंचना सही नहीं है। इस पर वन विभाग को जागरुकता लानी होगी।

## निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# स्कूल के पास नशीली सामग्री विक्रय करने पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत स्कूल परिसर में निर्माणाधीन भवन, स्कूल परिसर के समीप मादक पदार्थ विक्रय पर कार्यवाही सहित सुलभ शौचालय एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ पेयजल का सेंपल का जांच का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता ने शारदा पारा के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में निर्माणाधीन नवीन भवन का निरीक्षण किये। स्कूली बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने निर्देशित किये हैं। स्कूल परिसर के 100 मीटर के भीतर नशीली सामग्री का विक्रय करने वाले दुकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। नशीली सामग्री पाये जाने पर जप्ती की कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाया गया। इसी के साथ सार्वजनिक सुलभ शौचालय एवं वार्ड के नालियों की साफ-सफाई कराने निर्देशित किया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए पाईप लाईन बिछाया गया है, एक स्थान पर पाईप लिकेज पाया गया, पीने के पानी का सेंपल लेकर लैब में जांच हेतु भेजवाया गया। सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, दीपक देवांगन एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त का सभी दुकान संचालको से अपील है कि स्कूल परिसर से 100 मीटर के भीतर किसी भी प्रकार का नशीले पदार्थ का विक्रय न करें। इस संबंध में कार्यवाही करने का अधिकारी स्कूल संस्थाओ को भी है। निगम द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी दुकानदार के स्वयं की होगी।



